सं0सं0- बि०रा०म०आ०/विविध/06/2025...118....

**बिहार सरकार**

**समाज कल्याण विभाग**

**(बिहार राज्य महिला आयोग)**

प्रेषक,

**योगेश कुमार सागर,** भा०प्र०से०
संयुक्त सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

सेवा में,

महालेखाकार,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक- 21.08.2025

विषयः- **वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिहार राज्य महिला आयोग, पटना के कार्यालय भवन में Renovation and Repairing साज-सज्जा एवं अन्य कार्य हेतु कुल रू० 78,95,474- (अठत्तर लाख पंचानवे हजार चार सौ चौहत्तर) मात्र के व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार राज्य महिला आयोग, पटना का कार्यालय, जो वर्तमान में एक सरकारी आवास में संचालित है, में Renovation and Repairing साज-सज्जा एवं अन्य कार्य कराने हेतु विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0-1, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना से **कुल रू० 78,95,474- (अठत्तर लाख पंचानवे हजार चार सौ चौहत्तर) मात्र का तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन उपलब्ध कराया गया है।**

2. इस क्रम में विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0-1, पटना के पत्रांक-936 दिनांक-20.02.2025 से रू० 27,19,974/- एवं कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक- 2411/अनु० दिनांक- 26.06.2025 से रू० 51,75,500/- अर्थात **कुल रू० 78,95,474- (अठत्तर लाख पंचानवे हजार चार सौ चौहत्तर) मात्र के तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन पर प्रशासनिक स्वीकृति दिये जाने का अनुरोध किया गया है।**

3. उक्त के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0-1, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त **कुल रू० 78,95,474- (अठत्तर लाख पंचानवे हजार चार सौ चौहत्तर) मात्र** के तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन पर व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4. स्वीकृत राशि की निकासी मॉग संख्या-03 भवन निर्माण विभाग के अन्तर्गत मुख्य शीर्ष 2059-लोक निर्माण कार्य, उपमुख्य शीर्ष-01- कार्यालय भवन, लघु शीर्ष-053- रख-रखाव तथा मरम्मत, उप शीर्ष- 0035- समाज कल्याण विभाग के कार्यालय भवन का जीर्णोद्धार, विपत्र कोड- 03-2059010530035 के विषय शीर्ष- 0035-2702 अनुरक्षण एवं मरम्मत के अन्तर्गत उपलब्ध बजटीय उपबंध से उक्त कार्य के लिए विकलनीय होगा। राशि की विमुक्ति वित्त विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये बजट उपबंध के पश्चात ही की जायेगी।

5. स्वीकृत राशि का आवंटन सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा संबंधित भवन प्रमंडल/विद्युत कार्य प्रमंडल को प्रदान किया जायेगा। आवंटित राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा विनिर्दिष्ट / प्राधिकृत कार्यापालक अभियंता, भवन प्रमंडल / विद्युत कार्य प्रमंडल के द्वारा निर्गत आवंटन की सीमा तक राशि की नियमानुसार निकासी संबंधित कोषागार से की जायेगी।

6. स्वीकृत राशि की निकासी एवं व्यय वित्त विभाग के परिपत्र संख्या- 2561 दिनांक-17.04.1998, 2398 दिनांक- 08.04.2008, 12888 दिनांक-03.12.2024, पत्रांक-227/वि0 दिनांक-

28.03.2025, 235/वि0 दिनांक 01.04.2025 तथा बिहार पी०डब्लू०डी० संहिता के प्रावधानों एवं समय-समय पर निर्गत अन्य अनुदेशों/परिपत्रों के अनुसार किया जायेगा।

7. प्रशासनिक स्वीकृति के प्रस्ताव पर संचिका सं0- **बि०रा०म०आ०/विविध/06/2025** में दिनांक 05.08.2025 को विभागीय स्थायी वित्त समिति की स्वीकृति प्राप्त है।

8. प्रशासनिक स्वीकृत्यादेश पर संचिका संख्या- **बि०रा०म०आ०/विविध/06/2025** के टिप्पणी पृष्ठ- **13**/टि0 पर दिनांक- **13.08.2025** को आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

9. यह प्रशासनिक स्वीकृत्यादेश संचिका सं0- **बि०रा०म०आ०/विविध/06/2025** के टिप्पणी पृ0-संख्या- **15**/टि0 पर दिनांक-**20.08.2025**को सचिव, समाज कल्याण विभाग के अनुमोदनोपरांत निर्गत की जा रही है।

10. यह चालू योजना है। अतः महालेखाकार (ले0 एवं ह0) से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

विश्वासभाजन

21/8/25

**(योगेश कुमार सागर)**
संयुक्त सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- **बि०रा०म०आ०/विविध/06/2025**...118... दिनांक 21.08.2025

प्रतिलिपिः- महालेखाकार (लेखा परीक्षा)/ प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग/ सचिव, भवन निर्माण विभाग/ सदस्य सचिव, बिहार राज्य महिला आयोग/ संयुक्त सचिव, वित्त विभाग (बजट शाखा)/ संयुक्त सचिव, योजना एवं बजट शाखा, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना/ संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/संबंधित जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21/8/25
संयुक्त सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- **बि०रा०म०आ०/विविध/06/2025**...118... दिनांक 21.08.2025

प्रतिलिपिः- कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन/विश्वेश्वरैया भवन/संबंधित जिला कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21/8/25
संयुक्त सचिव,
समाज कल्याण विभाग।

ज्ञापांक :- **बि०रा०म०आ०/विविध/06/2025**...118...दिनांक 21.08.2025

प्रतिलिपिः- आई.टी. मैनेजर, समाज कल्याण विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करेन हेतु प्रेषित।

21/8/25
संयुक्त सचिव,
समाज कल्याण विभाग।